आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में उनसे मिलने आए पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र के 21 विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान ये बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों से इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाकर जीवन में अपने लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के एक सौ 56 से अधिक स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू किया है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों को कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में शिक्षा प्रदान की जा रही है।

जनगणना–2027

प्रदेश में जनगणना–2027 के पहले चरण की गणना 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। हिमाचल प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने शिमला में बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तकनीक, मोबाइल एप और स्व–गणना की सुविधा से लैस होगी। इसके लिए हजारों प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनगणना पर 86 करोड़ रुपए खर्च होंगे। दीप शिखा शर्मा ने बताया कि पहला चरण मकान सूचीकरण व आवास गणना का होगा, जो 16 जून से 15 जुलाई तक चलेगा जबकि इस बार नागरिकों को स्व–गणना की सुविधा भी दी जाएगी।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में कल 30 मई को पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तीसरे व अंतिम चरण के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए चुनाव आयोग से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। मतदान के तुरंत बाद पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और सरपंचों के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए मतदान की गिनती 31 मई को होगी। 31 मई को ही प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए हुए चुनाव की मतगणना भी होगी। पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे चरण के चुनाव के लिए कल एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। उधर सिरमौर की जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि कल अंतिम चरण में जिले की नवासी पंचायतों में मतदान होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रकिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं।

एमओयू

अकादमिक, अनुसंधान और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी बिहार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। ये समझौता राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के तहत किया गया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतप्रकाश बंसल ने कहा कि इस एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से कई अकादमिक और शोध गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे।

———————————————————————————